सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-534
26/11/2018

मॉरीशस यात्रा वृतांत के संस्मरण कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 26 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज बिहार विधान परिषद के उपभवन सभागार में मॉरीशस यात्रा वृतांत के संस्मरण कार्यक्रम में शामिल हुए। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्र मंडल संसदीय दल की एक शाखा के रुप में मॉरीशस की यात्रा पर इसी महीने गया था। विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारुण रशीद, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधायक श्री रामानुज प्रसाद ने अपने संस्मरण को साझा किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि वहां की संस्कृति, वहां की भाषा, वहां के खान–पान और रहन–सहन को देखकर ऐसा नहीं लगता कि वो बिहार से कुछ भी अलग है। वहां के लोगों के मन में अपने पूर्वजों के प्रति काफी सम्मान है। हमलोगों का वहां आतिथ्य सत्कार तहे दिल से किया गया। वक्ताओं ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रजातंत्र, संस्कृति, शासन व्यवस्था एवं वहां के समाज को देखने–समझने का भी मौका मिला।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही हमलोगों को यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ। 11 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार मॉरीशस की यात्रा पर गए थे, जिसे वहां के लोग अभी भी याद करते हैं और फिर से उनकी यात्रा की चाहत रखते हैं। सभी वक्ताओं ने कहा कि आज के संस्मरण यात्रा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी से इस कार्यक्रम को विशिष्टता मिली है।

इस अवसर पर मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******